# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

षष्ठम् झारखण्ड विधान–सभा — पंचम (बजट) सत्र

संख्या–14 — शनिवार, दिनांक–14 मार्च, 2026 ई०।

समय–10.00 बजे पूर्वा० से 04.43 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ:–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–147 के तहत प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना एवं उनपर दिये गये वक्तव्य निम्नवत् हैं–

**i**-माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**ii**-माननीय सदस्य, श्री अनन्त प्रताप देव एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**iii**-माननीय सदस्या, श्रीमती ममता देवी एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**iv**-माननीय सदस्य, श्री कुमार उज्ज्वल एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**v**-माननीय सदस्य, श्री भूषण तिर्की द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**vi**-माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**vii**-माननीय सदस्य, श्री हेमलाल मुर्मू द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**viii**-माननीय सदस्या, श्रीमती ममता देवी एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

### 2.प्रश्नकाल:–

आज के लिए निर्धारित अल्पसूचित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ–

**(कुल अल्पसूचित प्रश्नों की संख्या–14)**

(क) उत्तरित कुल–05

| | | |
|---|---|---|
| क्रम सं०–180, अ०सू०–50 | श्री सरयू राय, | स०वि०स०, |
| | (दिनांक–13.03.2026 से स्थगित।) | |
| क्रम सं०–195, अ०सू०–29 | श्री देवेन्द्र कुंवर, | स०वि०स०, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम सं०–196, | अ०सू०–38 | श्री सरयू राय, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–197, | अ०सू०–40 | श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–198, | अ०सू०–43 | श्री रोशल लाल चौधरी, | स०वि०स०। |

(ख) अनागत कुल–09,

क्रम सं०–199 से क्रम सं०–207 तक।

**(कुल तारांकित प्रश्नों की संख्या–12)**

(क) उत्तरित कुल–06

| | | |
|---|---|---|
| क्रम सं०–615, | श्री राज सिन्हा, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–616, | डॉ० कुशवाहा शशिभूषण मेहता, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–617, | श्री रोशनलाल चौधरी, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–618, | श्री जनार्दन पासवान, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–619, | श्री अरूप चटर्जी, | स०वि०स०, |
| क्रम सं०–620, | श्री मथुरा प्रसाद महतो, | स०वि०स०। |

(ख) अनागत कुल–06,

क्रम संख्या–621 से क्रम सं०–626 तक।

## 3.कार्यस्थगन की सूचनाः–

माननीय सदस्य, श्री राज सिन्हा ने महिला एवं बच्चियों की समुचित सुरक्षा जैसे विषय से सम्बन्धित कार्यस्थगन की सूचना दी जिसपर चलते सत्र के दौरान चर्चा सम्भव होने के कारण इसे आसन द्वारा अमान्य किया गया।

## 4.शून्यकालः–

झारखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम–303 के तहत आज के लिए स्वीकृत शून्यकाल की सूचनाएँ निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा पढ़ी गयीः–

श्रीमती लोईस मराण्डी,<br>
श्री रोशनलाल चौधरी,<br>
श्री भूषण तिर्की,<br>
डॉ० नीरा यादव,<br>
श्री मथुरा प्रसाद महतो,<br>
श्री नरेश प्रसाद सिंह,<br>
श्री जनार्दन पासवान,<br>
श्रीमती मंजु कुमारी,<br>
श्री संजय कुमार सिंह यादव,<br>
श्री अरूप चटर्जी,<br>
श्री राज सिन्हा,<br>
श्री नागेन्द्र महतो,<br>
श्री अनन्त प्रताप देव,<br>
श्री अमित कुमार यादव,<br>
श्री कुमार उज्ज्वल,<br>
श्री सुरेश कुमार बैठा,<br>
श्रीमती श्वेता सिंह,<br>
मो० ताजुद्दीन,<br>
श्री नमन विक्सल कोनगाड़ी,<br>
श्रीमती ममता देवी,

श्री राजेश कच्छप,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री प्रकाश राम,
श्री अमित कुमार,
श्री मनोज कुमार यादव।

**5.ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ(क्रमांक–1 से जारी):–**

**ix**-माननीय सदस्य, मो० ताजुद्दीन एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**x**-माननीय सदस्य, श्री मनोज कुमार यादव द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**xi**-माननीय सदस्य, श्री जिगा सुसारन होरो एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**xii**-माननीय सदस्य, श्री सुरेश पासवान एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

**xiii**-माननीय सदस्य, श्री अरूप चटर्जी एवं अन्य द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

**6.प्रथम पाली की सूचनाः–**

माननीय सदस्या, श्रीमती मंजु कुमारी ने सूचना के माध्यम से बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र जमुआ अन्तर्गत दुर्घटना में हाईवा से कुचलकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी है जिसके आश्रितों को उचित मुआवजा हेतु सरकार संज्ञान ले,

माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव ने आसन से आग्रह किया कि उन्होंने कुलपतियों की नियुक्ति में झारखण्ड के लोगों की अनदेखी के विषय पर तीन दिन पूर्व मामला सदन में लाया था जिसपर संसदीय कार्यमंत्री द्वारा सदन में स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया गया था, जो अबतक अप्राप्त है साथ ही उन्होंने गैस की किल्लत पर भी सरकार का पक्ष जानना चाहा। तदुपरांत माननीय संसदीय कार्य मंत्री, श्री राधाकृष्ण किशोर द्वारा उनके द्वारा उठाये गये विषयों पर दिनांक–16.03.2026 को स्थिति स्पष्ट करने का आश्वासन दिया गया,

माननीय सदस्य, श्री जिगा सुसारन होरो ने सूचना के माध्यम से अवगत कराया कि उनके क्षेत्र अन्तर्गत बसिया प्रखण्ड+अनुमण्डल में वर्ष–2021–22 से पॉलिटेक्निक भवन बनकर तैयार है जहाँ पठन–पाठन का कार्य अविलम्ब चालू कराया जाय,

माननीय सदस्य, श्री उमाकांत रजक ने सूचना के माध्यम से अवगत कराया कि उनके क्षेत्र चंदनकियारी में पॉलिटेक्निक भवन बनकर तैयार है जहाँ पठन–पाठन का कार्य अविलम्ब चालू कराया जाय,

माननीय सदस्य, श्री सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने सूचना के माध्यम से अवगत कराया कि ज़ेडा में सिविल इंजीनियर तीन वर्षों से ज्यादा समय से पदस्थापित है। इनके विरूद्ध अनियमितता की काफी शिकायतें हैं जिसकी जाँच अविलम्ब करायी जाय।

**7.आसन से सूचनाः–**

आसन द्वारा अवगत कराया कि दर्शक दीर्घा से कस्तुरबा बालिका उच्च विद्यालय, पोटका के बच्चे सभा की कार्यवाही देख रहे हैं जिनके उज्ज्वल भविष्य हेतु पूरे सदन की ओर से शुभकामनाएँ प्रेषित की जाती है।

**8.वित्तीय कार्यः–**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री, श्री योगेन्द्र प्रसाद द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सम्बन्ध में 31 मार्च, 2027 को समाप्त होनेवाले वर्ष के भीतर

भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 51,94,53,07,000/-(इक्यावन अरब, चौरानबे करोड़, तिरपन लाख, सात हजार) रूपये से अनधिक राशि की माँगें प्रस्तुत की गयी। माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा इस माँग से सम्बन्धित कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

**(अन्तराल)**

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

**9.वित्तीय कार्य(क्रमांक–8 से जारी):–**

आसन द्वारा पुकारे जाने पर अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अनुदान की माँग पर वाद–विवाद में माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा चर्चा प्रारम्भ किया गया जिसमें निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी भाग लिया:–

**(इस अवसर पर माननीय सभापति, श्री रामचन्द्र सिंह ने आसन ग्रहण किया।)**

श्री उदयशंकर सिंह,

**(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)**

श्री बाबूलाल मराण्डी,
श्री सोनाराम सिंकू,
श्री सुरेश पासवान,
श्री चन्द्रदेव महतो,
श्री भूषण तिर्की,
श्री देवेन्द्र कुंवर,
श्री राजेश कच्छप।

**(माननीय सदस्य, श्री रामचन्द्र सिंह ने सूचना के माध्यम से आग्रह किया कि उनके क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न बिजली उपभोक्ताओं को प्राप्त हो रहे अनियमित एवं अत्यधिक बिल को सुधरवाया जाय।)**

वाद–विवाद के उपरांत माननीय प्रभारी मंत्री, श्री योगेन्द्र प्रसाद द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की माँग पर सभा में सरकार की ओर से उत्तर दिया गया।

तदुपरांत माननीय सदस्य, श्री जयराम कुमार महतो द्वारा प्रस्तुत कटौती का प्रस्ताव ध्वनिमत से अस्वीकृत हुआ तथा सभा द्वारा माँग स्वीकृत हुई।

तत्पश्चात् सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनांक–16.03.2026 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची,
दिनांक–14 मार्च, 2026 ई०।

रंजीत कुमार,
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, राँची।